>

Title: Regarding reclaiming of the historical Sagar pond.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र के कौंच नगर में एक सागर तालाब है जो करीब 200 साल पुराना है और वह 10 एकड़ में है। वह तालाब हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है। एक तरफ कलन्दर शाह की तखिया है, दरगाह है, जो हिन्दुओं की गद्दी है और दूसरी तरफ बलदाऊ जी का विशाल मंदिर है। उपर्युक्त तालाब के चारों ओर 15-12 सीढ़ियां गहरी बनी हुई हैं। वे टूटने की स्थिति में हैं। उस तालाब में पानी भरने की कोई व्यवस्था नहीं है। रामलीला के समय, मर्यादा पुरुषोत्तम राम इसी तालाब को पार करते हैं और वहां इस अवसर पर विशाल मेला लगता है। [r19]

महोदय, वहां हर साल उर्स की व्यवस्था की जाती है। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि तालाब की जो सीढ़ियां टूट गई हैं, उनकी मरम्मत की जाए, पानी भरने की व्यवस्था की जाए और केन्द्रीय पुरातत्व विभाग इसको अपने अंडर लेकर इसकी व्यवस्था देखे।